कार की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी की मौत, तीन मासूम बेटियां घायल

पांढुर्णा के तिगांव हाईवे पर दर्दनाक सड़क, एक बच्ची नागपुर रेफर, दो का जारी है इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

पांढुर्णा के तिगांव हाईवे पर शनिवार रात करीब 12 बजे एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी तीन मासूम बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह परिवार देवियों के दर्शन कर अपने पैतृक गांव चाटवा लौट रहा था, तभी तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

देवियों के दर्शन कर लौट रहा था परिवार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, चाटवा गांव निवासी वासुदेव उईके (40) अपनी पत्नी सुनीता उईके (35) और तीन बेटियों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर देवियों के दर्शन करने गए थे। दर्शन संपन्न होने के बाद पूरा परिवार एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव वापस लौट रहा था। इसी दौरान तिगांव के पास फोरलेन सड़क पार करते समय एक अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पति-पत्नी की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई।



एक बच्ची नागपुर रेफर, दो का इलाज जारी

हादसे की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद वासुदेव उईके और उनकी पत्नी सुनीता उईके को मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना में दंपती की तीनों बेटियां भी घायल हुई हैं। तीन वर्षीय सबसे छोटी बेटी वैष्णवी के पैर की हड्डी टूट गई है, जिसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए नागपुर रेफर कर दिया है। वहीं, पांच वर्षीय राखी और सात वर्षीय सोनू का इलाज पांढुर्णा सिविल अस्पताल में जारी है, जहां उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

कार चालक मौके से फरार, पुलिस कर रही तलाश

थाना प्रभारी अमित दाणी ने इस दुखद घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हालांकि, पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार की पहचान कर ली है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा फरार चालक की गिरफ्तारी और अन्य कानूनी कार्रवाई के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

नगदी और जेवर पर चोरों ने किया हाथ साफ

लगभग आठ लाख की चोरी होने का है अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



न्यूटन पुलिस चौकी के अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक में स्थित एक मकान से नगदी और जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है। इस घटना में नगदी और जेवर सहित लगभग 8 लाख पर अज्ञात चोरों के द्वारा हाथ साफ किए जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। मामले की शिकायत पुलिस में की जा चुकी है और पुलिस जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार न्यूटन पेंच नदी के समीप पंप हाउस के आगे, तामिया मुख्य मार्ग पर स्थित सलमान पिता साकिर के मकान से ढाई लाख रुपये नगद और पांच - साढ़े पांच लाख कीमत की जेवर चोरी होने की शिकायत न्यूटन पुलिस चौकी में दर्ज कराई गई है। घटना शनिवार - रविवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है। शिकायतकर्ता सलमान ने बताया, कि वह और उसके परिवार के अन्य सदस्य उसके ससुर की मैयत में गए हुए थे। जब वह लौटे तो घर का सामान तितर - बितर पाया।

बारीकी से तलाशने पर अलमारी में मजदूरों को देने के लिए रखे गए ढाई लाख रुपये नगदी और अन्य जेवर गायब थे। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस में इस मामले में जांच शुरू कर दी है। इस मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। चोरी कुल कितनी लागत की है इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बहरहाल इस घटना से लोग सकते में आ गए हैं।

लक्ष्मणजी को लगा शक्तिबाण, हनुमान जी ने बचाए प्राण

छिंदवाड़ा। श्रीरामलीला का चौदह दिवसीय मंचन के चौदहवें दिवस का मंचन किया गया। मण्डल के संरक्षक राजू चरणागर ने बताया कि दिन प्रतिदिन दर्शकों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। नई साज सज्जा दर्शकों को आकर्षित कर रही है। मुख्य निर्देशक श्रान्त चंदेल ने बताया कि युद्ध दिवस में लक्ष्मण एवं अकम्पन का घनघोर युद्ध होता है जिसमें लक्ष्मण द्वारा अकम्पन का वध किया जाता है।

सड़क दुर्घटना में 61 वर्षीय बुजुर्ग की मौत मेहमानी में साले के घर आया था मृतक

न्यूटन / परासिया :- रविवार को न्यूटन पुलिस चौकी अंतर्गत तामिया मुख्य मार्ग पर हुई एक सड़क दुर्घटना में 61 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक मेहमानी में अपने साल के घर आया हुआ था। पुलिस में मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार जिला सिवनी निवासी 61 वर्षी तखत राय चार दिन पूर्व वार्ड नंबर 2 में रहने वाले अपने साले भुनेश राय के घर आए थे। रविवार दोपहर करीब 12 बजे जब तखत राय आरती में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तब त्रिमूर्ति चौक के आगे येस बैंक के सामने सड़क पार करने के दौरान बेलगांव की ओर जा रहे एक पिकअप वाहन से टक्कर लग गई जिससे तखत राय की नाक में चोट आई। पिकअप चालक में तुरंत घायल तखत राय को अपनी गाड़ी में बैठा कर अस्पताल ले गया। डॉक्टर के प्रयास के बाद भी तखत राय को नहीं बचाया जा सका। बता दें कि मृतक त्रिमूर्ति चौक में रहने वाले कपड़ा व्यापारी श्याम राय के बड़े भाई और शैलेंद्र राय (बीनू) की बड़े पिताजी थे। मृतक के पार्थिव शरीर को उनके गृह निवास जिला सिवनी में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया है।

आवारा कुत्तों का आतंकः भय के साए में नौनिहाल, नपा प्रशासन कार्रवाई की मांग

सौंसर। नगर के विभिन्न वार्डों में इन दिनों आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक से नागरिकों का जीना दुश्वार हो गया है। वर्तमान में नवरात्र और विभिन्न स्थानों पर गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ऐसे में रात्रि के समय गुजरने वाले बच्चो, महिलाओं और यूवतीयों को भी इन कुत्तों के कारण परेशानी हो रही है। वहीसबसे अधिक परेशानी का सामना स्कूल और ट्यूशन जाने वाले छोटे छात्र-छात्राओं को करना पड़ रहा है, जो डर और दहशत के साए में आवागमन करने को मजबूर हैं। नगर के बस स्टैंड से लेकर सिनेमा टॉकीज चौक तक आवारा कुत्तों के झुंडों को धमाचौकड़ी मचाते हुए आसानी से देखा जा सकता है। विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 11, अंबेडकर चौक, पोस्ट ऑफिस परिसर, अन्नाभाऊ साठे मंगल कार्यालय, रेवनाथ चौरे पार्क,मोहगाव मार्ग,संजय नगर मार्ग, सिविल लाइंस क्षेत्र में आवारा कुत्तों ने पक्का डेरा जमा रखा है, जिससे हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।हाल ही में पोस्ट ऑफिस परिसर के समीप ट्यूशन पढ़कर लौट रहे सातवीं कक्षा के दो मासूम बच्चों पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। उनसे जान बचाकर भागने के प्रयास में दोनों बच्चे गिरकर चोटिल हो गए।स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने आवारा कुत्तों के नियंत्रण को लेकर नगर पालिका प्रशासन को कई बार सूचित किया है, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस विषय पर सामाजिक कार्यकर्ता आकाश सहारे ने नपा प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़ी अनहोनी या गंभीर दुर्घटना से पूर्व इन आवारा कुत्तों पर शीघ्र नकेल कसी जाए और पकड़ने का अभियान चलाया जाए।

2 बड़े बकायेदारों के नल कनेक्शन काटे गए, 10 को मिला 7 दिन का अल्टीमेटम

छिंदवाड़ा। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा नगरीय क्षेत्र में बकाया करों की शत-प्रतिशत वसूली एवं राजस्व सुदृढ़ीकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त श्री सी.पी. राय के सख्त निर्देशों एवं सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी के मार्गदर्शन में रविवार को वार्ड क्रमांक 1 एवं वार्ड क्रमांक 2 में बकाया जलकर और संपत्ति कर की वसूली हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लंबे समय से जलकर एवं संपत्ति कर का भुगतान न करने वाले बड़े बकायेदारों पर नगर निगम की टीम ने कड़ा एक्शन लिया। मौके पर कार्रवाई करते हुए 2 बड़े जलकर बकायेदारों के नल कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट (विच्छेदित) दिए गए। इसके साथ ही, अन्य 10 बड़े बकायेदारों को 7 दिवस के भीतर अपना बकाया टैक्स जमा करने का अंतिम नोटिस व समय दिया गया है। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित 7 दिनों के भीतर करों का भुगतान नहीं किया जाता है, तो अगली सख्त कार्रवाई के रूप में संपत्ति कुर्की (**Attachment of Property**) की जाएगी। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर के सभी वार्डों में राजस्व संग्रहण को गति देने और बड़े बकायेदारों से बकाया राशि वसूलने के लिए यह अभियान इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगा। नगर निगम छिंदवाड़ा ने सभी नागरिकों एवं करदाताओं से अपील की है कि वे नल कनेक्शन काटे जाने, कुर्की जैसी अप्रिय दंडात्मक कार्रवाई और कानूनी झंझटों से बचने के लिए अपने बकाया संपत्ति कर व जलकर का समय पर भुगतान कर नगर विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

विनय ज्वेलर्स में 45 लाख की डकैती का पर्दाफाश, छह आरोपी गिरफ्तार

सोना, नगदी और चोरी की बाइक जब्त







हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

पांढुर्णा जिले के चर्चित विनय ज्वेलर्स डकैती कांड का पांढुर्णा पुलिस ने महज कुछ ही दिनों में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मास्टरमाइंड समेत 6 आरोपियों को दबोच लिया है, जिनके पास से लगभग 45 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात, 2 लाख 20 हजार रुपये नगद और वारदात में इस्तेमाल किए गए दो वाहन जिसमें एक रेलवे स्टेशन से चुराई गई बाइक भी शामिल है, बरामद किए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गत 9 और 10 अक्टूबर 2026 की दरमियानी रात करीब 01:30 से 02:30 बजे के बीच रामधक्का रोड गुजरी चौक स्थित विनय ज्वेलर्स में 3-4 अज्ञात बदमाशों ने धावा बोला था। बदमाशों ने दुकान पर मौजूद राजेश खरवडे पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था और शोकेस में रखी सोने की अंगूठियां, लाकेट्स, मंगलसूत्र, चेन, ब्रेसलेट और मणी ट्रे समेत भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात लूटकर फरार हो गए थे। इस पर थाना पांढुर्णा में अपराध क्रमांक 482/2026, धारा 309 (6) बी.एन.एस के तहत मामला दर्ज है।

सराहनीय पुलिस टीम

इस अंधे कत्ल जैसी डकैती का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी अमित दाणी, निरी. आकांक्षा सहारे, उनि आशीष भीमटे, सउनि शिवकरण पांडे, प्र. आर. अशोक हरसुले, अखिलेश सिंह, आर. पुष्पेन्द्र, सुरेन्द्र, शिवअवतार, अंकित साहू, आदित्य रघुवंशी और अखिलेश हिंगवे की भूमिका बेहद सराहनीय रही।

पुलिस अधीक्षक की सीधी मॉनिटरिंग

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विदिता डागर ने तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद और एसडीओपी ब्रजेश मार्गव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पांढुर्णा अमित दाणी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। इसके बाद लगभग एक सप्ताह से यह टीम डकैतों के सुराग हेतु रोज 20 घंटे किम कर रही थी। टीम ने अब तक एमपी और महाराष्ट्र में जाकर 5-7 शहरों की खाक छानी है। अंततः पुलिस को अपने लक्ष्य में सफलता मिली। धरे गए आरोपियों में नितिन उर्फ बारीक (18 वर्ष), आशीष (19 वर्ष), पियूष बारपेटे (19 वर्ष) एवं गोविन्द विश्वकर्मा (21 वर्ष) सभी निवासी कोलगांव बैतूल बाजार जिला बैतूल, ऋतिक सूर्यवंशी (21 वर्ष) निवासी खापरखेड़ा थाना पांढुर्णा तथा तरुण खाकरे (42 वर्ष) निवासी ग्राम खापा, थाना आठनेर (आरोपी पियूष का मौसा, जिसने लूटा गया गया सोना-चांदी खरीदा था।

स्वर्गीय भास्कर राव सोनी की स्मृति में आज होगा विशाल इनामी दंगल, पूर्व पहलवानों का होगा सम्मान

सिंगोड़ी। शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर स्वर्गीय श्री भास्कर राव सोनी की स्मृति में आज विशाल इनामी दंगल एवं पूर्व पहलवानों-उस्तादों के सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आज दिन सोमवार 19 अक्टूबर 2026 को दोपहर 2 बजे से संत कबीरवाड़ा, साहेब सिंगोड़ी,में होगा। दंगल में 500 रुपये से लेकर 21000 रुपये तक की इनाम राशि एवं स्मृति चिन्ह विजेता पहलवानों को प्रदान किए जाएंगे। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जिला छिंदवाड़ा-पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र विवेक बंटी साहू होंगे, जबकि कार्यक्रम अध्यक्षता अमरवाड़ा विधायक कुंवर कमलेश शाह करेंगे।विशेष अतिथि के रूप में विभाग प्रचारक छिंदवाड़ा-परासिया जिला लखन, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, महापौर विक्रम आहके, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश पोफली, टीकाराम चंद्रवंशी, उत्तम ठाकुर, नरेंद्र पटेल ,गोपाल यादवंशी, नितिन तिवारी, अमित द्विवेदी, मुकेश यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन बब्बू पटेल एवं सुश्रुत चौधरी करेंगे।



स्वर्गीय भास्कर राव सोनी की स्मृति में आज होगा विशाल इनामी दंगल, पूर्व पहलवानों का होगा सम्मान

सिंगोड़ी। शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर स्वर्गीय श्री भास्कर राव सोनी की स्मृति में आज विशाल इनामी दंगल एवं पूर्व पहलवानों-उस्तादों के सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आज दिन सोमवार 19 अक्टूबर 2026 को दोपहर 2 बजे से संत कबीरवाड़ा, साहेब सिंगोड़ी,में होगा। दंगल में 500 रुपये से लेकर 21000 रुपये तक की इनाम राशि एवं स्मृति चिन्ह विजेता पहलवानों को प्रदान किए जाएंगे। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जिला छिंदवाड़ा-पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र विवेक बंटी साहू होंगे, जबकि कार्यक्रम अध्यक्षता अमरवाड़ा विधायक कुंवर कमलेश शाह करेंगे।विशेष अतिथि के रूप में विभाग प्रचारक छिंदवाड़ा-परासिया जिला लखन , भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, महापौर विक्रम आहके , पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश पोफली , टीकाराम चंद्रवंशी, उत्तम ठाकुर , नरेंद्र पटेल ,गोपाल यादवंशी, नितिन तिवारी, अमित द्विवेदी, मुकेश यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन बब्बू पटेल एवं सुश्रुत चौधरी करेंगे।

दुर्गा मंदिर में महाष्टमी पर पंचकुण्डीय हवन संपन्न, 1200 साल पुरानी मां सिद्धिदात्री की प्रतिमा से जुड़ा है इतिहास

पंचकुण्डीय हवन में श्रद्धालुओं ने दीं आहुतियां, आज नवमीं पर कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर साउथ सिविल लाइन, गुरैया रोड स्थित स्वामी शिवोम् तीर्थ कुण्डलिनी महायोग आश्रम के दुर्गा मंदिर में महाष्टमी पर पंचकुण्डीय हवन का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर में माता रानी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुआ इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधिवत आहुतियां अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, सुख-शांति और लोककल्याण की कामना की। हवन के समापन पर आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

स्वामी सदानंद तीर्थ ने बताया कि आज 19 अक्टूबर को महानवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में कन्या पूजन एवं कन्या भोज, भंडारा और शाम को कलश विसर्जन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया।





आस्था के साथ प्राचीन इतिहास भी समेटे हुए है मंदिर

छिंदवाड़ा का यह दुर्गा मंदिर केवल धार्मिक आयोजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका इतिहास स्थानीय मान्यताओं, जनश्रुतियों, प्राचीन प्रतिमाओं और साधना परंपरा से भी जुड़ा हुआ है। स्वामी शिवोम् तीर्थ कुण्डलिनी महायोग आश्रम दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के नाम से प्रसिद्ध यह स्थान वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है।स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, प्राचीन समय में यहां खुले आसमान के नीचे आम के पेड़ के पास शिलाओं के रूप में देवी का स्थान स्थापित था। धीरे-धीरे यहां पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों की परंपरा विकसित हुई। इस स्थान से पिंडारियों की पूजा-अर्चना, पुराने समय की सैनिक छावनियों और सतपुड़ा छोटी रेल लाइन के शुरुआती दौर से जुड़ी कई जनश्रुतियां भी प्रचलित हैं।इसी प्रकार, स्वतंत्रता के बाद मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना दोबारा शुरू होने से जुड़ा प्रसंग भी सुनाया जाता है। स्थानीय विवरण के अनुसार, तत्कालीन कलेक्टर मथुरा प्रसाद द्विवेदी के कार्यकाल में इस स्थान की साफ-सफाई कराकर पूजा-पाठ की परंपरा को पुनः व्यवस्थित करने की पहल की गई थी।

मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा और आश्रम का विकास

स्थानीय इतिहास के अनुसार, वर्ष 1960 के दशक में यहां मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई थी। बाद में प्रतिमा खंडित होने पर दुर्गा महिला मंडल के माध्यम से नई प्रतिमा स्थापित करने की व्यवस्था की गई। कलेक्टर श्रीमती बनर्जी द्वारा गठित महिला मंडल में प्रत्येक सोमवार और एकादशी को श्रीरामचरितमानस का पाठ किया जाता था। इससे प्राप्त दानराशि का उपयोग धार्मिक कार्यों में किया गया।इसके बाद स्वामी शिवोम् तीर्थ महाराज के सान्निध्य में मंदिर और आश्रम का विकास हुआ। स्थानीय विवरण के मुताबिक, तत्कालीन कलेक्टर नर्मदा प्रसाद तिवारी के कार्यकाल में यहां कवेलू की छत वाला मंदिर और दीक्षा, साधना एवं पूजन के लिए पक्का कमरा बनवाया गया। इसी दौर में यह स्थान आश्रम के स्वरूप में विकसित होने लगा।बाद के वर्षों में मंदिर एवं आश्रम का नवीनीकरण कराया गया।

1200 वर्ष पुरानी बताई जाती है मां सिद्धिदात्री की प्रतिमा

मंदिर की प्रमुख विशेषताओं में मां सिद्धिदात्री की प्राचीन प्रतिमा भी शामिल है। स्थानीय विवरण के अनुसार, यह प्रतिमा पहले एक लोहार के यहां बाउंड्री वॉल में गड़ी हुई थी। बाद में इसे प्राचीन प्रतिमा मानते हुए मालखाने में रखवाए जाने की बात कही जाती है। मान्यता के अनुसार, स्वामी शिवोम् तीर्थ महाराज के सान्निध्य में इस प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई।स्थानीय जानकारी में वर्ष 2007 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिमा का कार्बन डेटिंग परीक्षण किए जाने का उल्लेख मिलता है। इसी आधार पर प्रतिमा को लगभग 1200 वर्ष पुराना बताया जाता है। हालांकि, इसकी आयु और परीक्षण से संबंधित दावे की स्वतंत्र पुरातात्विक पुष्टि उपलब्ध होने पर ही इसे प्रमाणित ऐतिहासिक तथ्य माना जा सकता है।



भरतादेव और गुदड़देव की लोककथा भी प्रचलित

इस स्थान से भरतादेव और गुदड़देव नामक दो शिल्पकार भाइयों की लोककथा भी जुड़ी है। कथा के अनुसार, दोनों भाई एक गुफा में मूर्तियां बनाया करते थे। उनकी बहन प्रतिदिन भोजन लेकर आती थी और गुफा के बाहर घंटी बजाती थी। एक दिन वह बिना घंटी बजाए भीतर चली गई। इसके बाद दोनों भाइयों के वहां से चले जाने और शिलाओं में परिवर्तित होने की कथा प्रचलित हुई। स्थानीय लोकमान्यता में इस घटना को भरतादेव और गुदड़देव नाम से जुड़े स्थान की पहचान से जोड़ा जाता है।

मंदिर परिसर में स्थापित हैं अनेक देवी-देवताओं की प्रतिमाएं

वर्तमान में मंदिर एवं आश्रम परिसर में मां दुर्गा, मां सिद्धिदात्री, शिवलिंग, भगवान शंकर, गणेश परिवार, लड्डू गोपाल, नागदेव, हनुमान जी, रामदरबार, भैरव जी, नवग्रह मंदिर, नवग्रह वाटिका और गुरु दरबार में गुरु त्रिमूर्ति स्थापित हैं। यह स्थान पूजा-अर्चना, साधना, दीक्षा और गुरु परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है।

200 साल से अधिक पुराना है मंदिर का इतिहास, 551 मनोकामना कलश जगमगाएं

नवरात्र में मां भवानी की भक्ति में डूबा उमरेठ, भव्य आरती में हर घर की सहभागिता, नवयुवक प्रतिदिन भंडारा प्रसाद में बांट रहे विविध मिष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरेठ, जयप्रकाश साहू

शारदीय नवरात्र पर्व पर नगर के नेहरू चौक स्थित श्री नगर शक्ति पीठ माता मंदिर में इस वर्ष 551 मनोकामना कलश स्थापित कर ज्योत प्रज्वलित की गई है। कलशों की ज्योति से मंदिर परिसर जगमगा रहा है। मां भवानी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नवरात्र के चलते पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। नगर के प्रमुख शक्ति पीठ होने के कारण मंदिर में प्रतिदिन होने वाली भव्य आरती में नगर के प्रत्येक घर से लोगों की मौजूदगी देखने को मिलती है। आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर मां भवानी के जयकारों से गूंज उठता है। वहीं, नवयुवकों द्वारा प्रतिदिन रात्रिकालीन आरती के बाद भंडारा प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। इसमें श्रद्धालुओं को अलग-अलग प्रकार के मिष्ठान वितरित किए जा रहे हैं।

दो सौ साल से अधिक पुराना है मंदिर का इतिहास



नगर शक्ति पीठ श्रीमाता मंदिर का इतिहास दो सौ साल से अधिक पुराना बताया जाता है। मान्यता है कि पहले गांव की बस्ती महावीर मंदिर के पास थी। उस समय महामारी और हैजा जैसी घातक बीमारियां फैलने के बाद ग्रामीणों ने मां के मंदिर के पास आकर रहना शुरू किया। जनश्रुति के अनुसार, इसके बाद महामारी का प्रकोप समाप्त हो गया और यहां बस्ती का विस्तार होने लगा। मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है। मान्यता है कि मां बच्चों को बुरी नजर और बाधाओं से बचाती हैं। मंदिर के समीप मेघनाथ बाबा, भीमसेन बाबा और काल भैरव के प्राचीन स्थल भी हैं।

नगर में जगह-जगह विराजीं मां दुर्गा

नवरात्र पर नगर के श्री मनोहरदास बाबा मंदिर, नागराज चौक, बड़ चौक, पेटपुरा मोहल्ला, शांति कॉलोनी, दुर्गा-काली मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पेटपुरा में जय माता दी गरबा समिति द्वारा गरबा आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नगर और आसपास के गांवों की महिलाएं भाग लेकर मां आदिशक्ति की आराधना कर रही हैं। मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल है।

दो दशक से अधिक समय से कलश स्थापना की परंपरा

मंदिर में पिछले दो दशकों से अधिक समय से नवरात्र के दौरान मनोकामना कलश स्थापित कर मां की ज्योत प्रज्वलित करने की परंपरा निभाई जा रही है। श्रद्धालु परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। मंदिर में प्रतिदिन आरती और धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। रात्रिकालीन आरती में नगरवासियों की बड़ी भागीदारी रहती है। आरती के बाद नवयुवकों द्वारा भंडारा प्रसाद में विभिन्न प्रकार के मिष्ठान वितरित किए जाते हैं। मंदिर समिति के अनुसार, नवरात्र की नवमी पर विधि-विधान से कलशों का विसर्जन तीजा नदी में किया जाएगा।



कुशवाहा मोहल्ले में माता रानी के दरबार में सुहागले पूजन, महिलाओं ने की सुख-समृद्धि की कामना



उमरेठ। नगर के कुशवाहा मोहल्ले में माता रानी के दरबार में महिलाओं द्वारा श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ सुहागले पूजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।पूजन में रंजीता राजू कुशवाहा, माया राजेश कुशवाहा, सोनू सुरेश कुशवाहा, प्रीति कुशवाहा, प्रीति मुकेश कुशवाहा, संध्या देवीप्रसाद शर्मा, सीमा राजू कुशवाहा, किरण सचिन कुशवाहा, अर्चना पंकज जैन, आरती निलेश कुशवाहा, नंदनी राजा कुशवाहा एवं रविता हेमंत कुशवाहा सहित मोहल्ले की समस्त महिलाओं ने सहभागिता की।पूजन के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

पार्षद जयंत राय सहित 5 अन्य पर मामला दर्ज दर्जन भर महिलाएं शिकायत लेकर पहुंची थीं थाने



न्यूटन / परासिया :- पश्चिमी न्यूटन नंबर 4 वार्ड नंबर 9 में स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समारोह में जस न गाने देने पर हुए विवाद के बाद रविवार को दर्जन भर महिलाएं शिकायत लेकर न्यूटन पुलिस चौकी पहुंची उसके बाद परासिया थाने गई । जहां महिलाओं की शिकायत पर पुलिस ने भाजपा पार्षद जयंत राय सहित अन्य पांच लोगों पर विभिन्न धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना में लिया है । वहीं पार्षद जयंत राय और सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के लोगों ने भी पुलिस चौकी पहुंचकर समिति के लोगों के साथ महिलाओं द्वारा अभद्रता करने की शिकायत की है ।मिली जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर में न्यूटन के वार्ड नंबर 09 में रहने वाली साक्षी गढेवाल , आशा वंशी , दुर्गा कहार , कांतिबाई , साधना गढ़वाल , महालक्ष्मी डेहरिया , ममता चौरसिया , हेमलता गोहिया और अन्य महिलाएं अपनी शिकायत लेकर न्यूटन पुलिस चौकी पहुंची जहां । उन्होंने लिखित शिकायत दी उसके बाद महिलाएं परासिया थाने पहुंची यहां साक्षी गढ़वाल ने शिकायत दर्ज कराई , कि शनिवार रात करीब 10:30 बजे सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में वे और उनकी महिला मंडल जस गा रही थीं , तब जयंत राय और बाबी बाथरी आए और जस गाने से मना किया । कारण पूछने पर गाली गलौज करने लगे और हाथ से माइक भी छीन लिया । बाद में जयंत राय के अन्य साथी गोल्डी कश्यप , दिव्यांश चोरिया , द्वारका सनोड़िया और यश बाथरी आए , इन्होंने भी उसके साथ गाली गलौज की । शिकायतकर्ता की इस तहरीर पर पुलिस ने जयंत राय , बाबी बाथरी , गोल्डी कश्यप , दिव्यांश चोरिया , द्वारका सनोड़िया , और यश बाथरी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296(**b**), 115(2) , 351(3) और 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की है । वहीं पार्षद जयंत राय और समिति के लोगों ने न्यूटन पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में कहा है , कि चंद्र शेखर वंशी और उसकी पत्नी आशा वंशी अपनी अन्य परिचित महिलाओं के साथ मंदिर प्रांगण में शनिवार रात 12 बजे तक गाना बजाना कर रहे थे , डीजे बजाने की समय सीमा समाप्त होने पर डीजे संचालक के द्वारा डीजे बंद कर दिया गया , जिस पर महिलाओं ने डीजे चालू रखने की जिद करने लगी तब वे और समिति के अन्य लोग वहां पहुंचे और महिलाओं को समझाने का प्रयास किया , लेकिन महिलाओं ने उनके और समिति सदस्यों के साथ गाली - गलौज की और मारने का भी प्रयास किया ।

जल्द मिट जाएगी पिंजरा खदान की आखिरी निशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

कभी दिन - रात गुलजार रहने वाली पिंजरा खदान अब इतिहास के पन्नों में सिमटने वाली है । वेकोलि पेंच क्षेत्र की इस ऐतिहासिक खदान के बंद होने के बाद बची हुई आखिरी निशानी भी अब जल्द मिटने वाली है ।

बताया जाता है , न्यूटन नंबर 9 में स्तिथ पिंजरा खदान परासिया क्षेत्र की सबसे पुरानी खदानों में से एक थी । खदान तो कई सालों पहले ही बंद हो चुकी थी , अभी सिर्फ उसका पिंजरा ही निशानी के तौर पर खड़ा है ।सैकड़ों मजदूरों की रोजी - रोटी इसी खदान से चलती थी । खदान के बंद होने के बाद यहां के मशीन हाउस , ऑफिस और मजदूरों के क्वार्टर ही इसकी पहचान बने हुए थे , लेकिन अब रखरखाव के अभाव और कंपनी द्वारा जमीन के अन्य उपयोग की योजना के चलते इन आखिरी अवशेषों को भी ध्वस्त किया जा रहा है ।स्थानीय पुराने कामगारों में इस बात को लेकर भावुकता है । उनका कहना है , कि पिंजरा खदान ने परासिया को कोयलांचल क्षेत्र के रूप में पहचान दी । कई पीढ़ियों को रोजगार दिया , लेकिन आज उसकी आखिरी निशानी भी मिटाई जा रही है । कम से कम एक स्मारक या संग्रहालय के रूप में इसे संरक्षित किया जाना चाहिए था ।



हादसे के बाद बंद हुई थी खदान

लोग बताते हैं , कि न्यूटन नंबर 09 में पिंजरे के माध्यम से संचालित यह भूमिगत कोयला खदान 1954 में हुए एक हादसे के बाद बंद कर दी गई । खदान के एक हिस्से में अचानक पानी भर जाने से खदान की पूरी एक पाली खदान के अंदर पानी में समा गई । जिसमें 60 से अधिक कोयला कामगार और कुछ अधिकारियों की जान चली गई । न्यूटन में इस खदान के अलावा 11 नंबर और 13 नंबर में पिंजरा खदाने संचालित थीं , जो 80 के दशक में बंद हो गईं ।

घटना पर बनी फिल्म :- 1954 में घटी घटना को लेकर 1971 में तेरे मेरे सपने फिल्म बनी । इस फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में देवानंद और मुमताज थे । जो अपनी पूरी फिल्म टीम के साथ न्यूटन आए और यहां फिल्म की सूटिंग हुई । उस वक्त के लोग आज भी बड़े गर्व और चाव के साथ उस समय के किस्से सुनाते हैं ।

सुरक्षा का हवाला :- प्रबंधन का कहना है , कि सुरक्षा कारणों और नई परियोजनाओं के चलते पुराने जर्जर ढांचों को हटाना जरूरी है । वहीं इतिहास प्रेमियों और श्रमिक संगठनों ने मांग की है , कि खदान की याद को संजोने के लिए एक छोटा सा स्मारक जरूर बनाया जाए , ताकि आने वाली पीढ़ी को इस खदान के योगदान के बारे में पता चल सके ।

गुजराती समाज गरबा महोत्सव में शामिल हुए शेषराव यादव



छिंदवाड़ा: गुजराती समाज भवन में आयोजित गरबा महोत्सव भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए उन्होंने मां की पूजा अर्चना पश्चात अपने उद्बोधन में कहा गुजरात का गरबा आज पूरे विश्व में अपनी चमक फैला रहा है, यदि हम छिंदवाड़ा की ही बात कर लें तो 6 स्थान पर गरबा का आयोजन किया जा रहा है, इसी से यह पता चलता है की गरबे के प्रति लोगों में कितना आकर्षण है। जिला अध्यक्ष के साथ दीपक मिगलानी एवं विजय पांडे वह अन्य अतिथि गण भी उपस्थित हुए गुजराती समाज के अध्यक्ष अश्वनी भट्ट एवं युवा मंडल के सदस्य भाविन शाह, पारस शाह, सुयश भट्ट, फाल्गुन शाह, रक्षत सूचक, अंश सूचक आदि द्वारा अतिथियों का सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में मां अंबे की छवि प्रदान की गई। महिला मंडल की विशेष प्रस्तुति में उमिया मां के सानिध्य में अत्यंत ही मोहक प्रस्तुति दी गई जिसने समस्त दर्शकों का मन मोह लिया महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती निर्मलाबेन पटेल के नेतृत्व में यह प्रस्तुति दी गई जिसमें लगभग 30 महिलाओं ने भाग लिया और साक्षात उमिया माता का स्वरूप धारण कर रास गरबा किया गया। पैरंट चाइल्ड (पिता) एवं पैरंट चाइल्ड (माता) प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया प्रतियोगिता प्रभारी श्रीमती हिनाबेन बाटविया एवं श्रीमती प्रीतिबेन सूचक द्वारा जजों को सम्मानित किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेट किया गया प्रतियोगिता मेंपैरंट चाइल्ड गरबा (माता) प्रथम स्थान पर संचिता/हृदान शाह द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से श्रीमती निधि/काव्या शाह एवं श्रीमती जिया/आशी परमार तथा तृतीय स्थान पर श्रीमती स्वाति/हिताक्षी देसाई रही वही पैरंट चाइल्ड गरबा (पिता) प्रथम स्थान कपिल/रेयांश परमार, द्वितीय स्थान नूतन/विभीका राठौड़ एवं तृतीय स्थान भाविक/जैनम शाह ने प्राप्त किया।

राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के 58 वें पुण्य स्मरण की भव्य तैयारी

पांढुर्णा। यहां की आध्यात्मिक सामाजिक संस्था श्री गुरुदेव सेवा मंडल में वंदनीय राष्ट्रसंत श्री तुकडोजी महाराज जी का 58 पुण्य स्मरण महोत्सव आगामी शनिवार दिनांक 24 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक मनाया जाना है, जिसकी तैयारी जोरों पर है। आयोजन के दौरान कीर्तन में कीर्तनकार आध्यात्मिक प्रबोधन करेंगे। इन दिनों प्रतिदिन सुबह काकड़ आरती, ध्यानपाठ, योगा, ग्रामगीत पारायण, भजन तथा शाम को सामुदायिक प्रार्थना, हरिपाठ एवं रात्रि में कीर्तन होगा ।शनिवार दिनांक 24 अक्टूबर को सुबह 8:30 बजे भव्य शोभायात्रा निकलेगी तथा शुक्रवार 30 अक्टूबर को मौन श्रद्धांजलि एवं सर्व संत स्मृति दिन दोपहर 12:00 से खंजिरी भजन एवं 2:30 बजे से राष्ट्रसंत श्री तुकडोजी महाराज के जीवन चरित्र पर संगीतमय प्रवचन रामाश्रयी प्रवीण पालीवाल द्वारा होगा। तत्पश्चात 4:58 को मौन श्रद्धांजलि, सामुदायिक प्रार्थना एवं राष्ट्रवंदना होगी। शनिवार दिनांक 31 अक्टूबर को गोपाल काला कीर्तन ह. भ. प. श्री भीमराव महाराज कुठे के द्वारा होगा तत्पश्चात महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

अधिकारियों ने किया निरीक्षण, शिक्षकों को बच्चों की सीखने की कठिनाइयों की पहचान कर शिक्षण में सुधार के दिए निर्देश





जिले के 77 जनशिक्षा केंद्रों में हुआ शैक्षिक संवाद

बालाघाट, 18 अक्टूबर 2026। जिले में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से 17 अक्टूबर को जिले के 77 जनशिक्षा केंद्रों में कक्षा 1 एवं 2 के शिक्षकों के लिए शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री आदित्य सिंह के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस संवाद का मुख्य विषय 'शिक्षण-अधिगम सामग्री और सीखना' रहा।

शैक्षिक संवाद में शिक्षकों को बच्चों के सीखने के स्तर को समझने तथा उनकी संभावित कठिनाइयों की पहचान कर प्रभावी शिक्षण की योजना तैयार करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। इसमें आकलन के आंकड़ों को केवल प्रतिशत के रूप में देखने के बजाय उनके आधार पर बच्चों की सीखने संबंधी समस्याओं को पहचानने पर जोर दिया गया। साथ ही दक्षताओं के अनुरूप शिक्षण गतिविधियों का चयन करने, जादुई पिटारा, लर्निंग किट एवं विद्यालय में उपलब्ध अन्य शिक्षण सामग्री का प्रभावी उपयोग करने के तरीके बताए गए।

संवाद के दौरान शिक्षकों को उपलब्ध समय के अनुसार शिक्षण गतिविधियों की अवधि निर्धारित करने तथा अपनी शिक्षण योजनाओं को संकुल स्तर पर आयोजित संवाद में प्रस्तुत करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसका उद्देश्य कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक एवं बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है।

विद्यालयों में दिखेगा प्रशिक्षण का लाभ

निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को शैक्षिक संवाद में प्राप्त मार्गदर्शन एवं जानकारी का उपयोग विद्यालयों में बच्चों को पढ़ाने के दौरान करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने अपेक्षा जताई कि शिक्षक बच्चों के सीखने के स्तर के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों एवं उपलब्ध सामग्री का उपयोग करेंगे, जिससे उनकी बुनियादी दक्षताओं में सुधार हो सकेगा।

इस पहल का उद्देश्य राज्य स्तर से निर्धारित शैक्षिक गुणवत्ता सुधार संबंधी योजनाओं को प्रभावी ढंग से विद्यालयों तक पहुंचाना तथा प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाना है।

अधिकारियों ने किया शैक्षिक संवाद का निरीक्षण

जिले में आयोजित शैक्षिक संवाद की गतिविधियों का विकासखंड स्तर के अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं शिक्षण संबंधी चर्चा का जायजा लिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटंगी श्री सी.एस. कुशराम, किरनापुर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री गणेश प्रसाद सोनी, बैहर के बीडीओ श्री एन.के. वैद्य, बैहर के बीआरसी श्री दीपक तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लालबर्रा श्री वाई.आर. गजभिये तथा डाइट प्राचार्य श्री एन.पी. मलगाम ने विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। डाइट प्राचार्य श्री मलगाम ने बालाघाट विकासखंड में आयोजित शैक्षिक संवाद का निरीक्षण किया।

शैक्षिक संवाद का आयोजन नोडल जनशिक्षकों एवं सहजकर्ताओं द्वारा संबंधित जनशिक्षा केंद्र के प्रभारी प्राचार्य की उपस्थिति में किया गया।



जरेरा में 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' कार्यक्रम का शुभारंभ



15 नवंबर तक जिले के सभी पंजीकृत किसानों को वितरित की जाएंगी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की पॉलिसियां

बालाघाट। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2026 में पंजीकृत किसानों को बीमा पॉलिसी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 अक्टूबर 2026 को ग्राम जरेरा में 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसील एवं जिला बालाघाट के अंतर्गत ग्राम जरेरा स्थित सेवा सहकारी समिति परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पंजीकृत किसानों को फसल बीमा पॉलिसियों का वितरण किया गया।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले में पॉलिसी वितरण का यह अभियान 17 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 15 नवंबर 2026 तक निरंतर संचालित किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2026 के लिए पंजीकृत सभी किसानों को उनकी बीमा पॉलिसियां वितरित की जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य किसानों तक उनकी फसल बीमा पॉलिसी पहुंचाना तथा उन्हें बीमा सुरक्षा से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना है।

किसानों को दी गई खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से खेती-किसानी से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानों के साथ प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, फसलों में कीट प्रबंधन, पराली प्रबंधन तथा रबी फसलों के बेहतर प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। किसानों को फसल उत्पादन में सुधार लाने, खेती की लागत कम करने तथा पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन और फसलों को कीटों से सुरक्षित रखने के उपायों पर चर्चा की गई।

कृषि एवं बीमा कंपनी के अधिकारी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में कृषि विभाग से एडीओ श्री जी.एस. भौतेकर, सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक श्री धनेन्द्र लिल्हारे, बीमा कंपनी के जिला प्रबंधक श्री सुधीर कुमार तेलकर तथा बीमा कंपनी के तहसील स्तरीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम के किसान भी मौजूद थे। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को फसल बीमा पॉलिसी उपलब्ध कराने के साथ कृषि संबंधी योजनाओं एवं आधुनिक खेती की तकनीकों के प्रति जागरूक किया गया। कृषि विभाग द्वारा जिले के पंजीकृत किसानों से अभियान के दौरान अपनी बीमा पॉलिसी प्राप्त करने की अपील की गई है।

भरवेली में पीडीएस चावल की अवैध बिक्री के मामले में तीन व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज

बालाघाट, 18 अक्टूबर 2026। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के चावल की अवैध बिक्री के मामले में प्रशासन, खाद्य विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। इस मामले में सत्यनाम ट्रेडर्स, मानेगांव से 44 बोरी फोर्टिफाइड पीडीएस चावल जब्त किया गया था। जब्त चावल की मात्रा 22.67 क्विंटल तथा कीमत 96 हजार 348 रुपये बताई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसडीएम बालाघाट श्री गोपाल सोनी के निर्देश पर 14 अक्टूबर को प्रशासन, खाद्य विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने पीडीएस चावल की अवैध बिक्री के मामले में जांच एवं कार्रवाई की थी। जांच के दौरान शासकीय उचित मूल्य दुकान भरवेली (शक्तिकुंज) से सत्यनाम ट्रेडर्स, मानेगांव को 14 बोरी फोर्टिफाइड चावल बेचते हुए पकड़ा गया था।

मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए टीम ने सत्यनाम ट्रेडर्स, मानेगांव में भी जांच की। यहां 44 बोरी फोर्टिफाइड पीडीएस चावल पाया गया। चावल की कुल मात्रा 22.67 क्विंटल और बाजार मूल्य 96 हजार 348 रुपये आंका गया। जांच टीम ने उक्त चावल को जब्त कर लिया था।

तीन व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री संत कुमार भलावी ने बताया कि इस प्रकरण में सत्यनाम ट्रेडर्स, मानेगांव के रविंद्र कुमार लिल्हारे, शासकीय उचित मूल्य दुकान भरवेली (शक्तिकुंज) के प्रबंधक नोकचंद गौतम तथा सह-विक्रेता योगेश जैतवार के विरुद्ध भरवेली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5) एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

यह कार्रवाई नायब तहसीलदार श्रीमती मंजुला महोबिया, सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री पहल सिंह वलाडी तथा थाना प्रभारी भरवेली की संयुक्त टीम द्वारा की गई। प्रशासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्न की अवैध बिक्री एवं अनियमितताओं पर निगरानी रखते हुए कार्रवाई की जा रही है।

खबर संक्षेप

माता पद्मावती का श्रृंगार हेतु भक्तजनों ने निकाली शोभायात्रा

सिवनी। जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पारसनाथ के रक्षक देव धरणेन्द्र ,शासन रक्षक देवी मां पद्मावती ,का नाम श्रद्धा के साथ लिया जाता है भगवान पारसनाथ की तपस्या के दौरान होने वाले अनेक उपसर्गों को मां पद्मावती ने न केवल दूर किया बल्कि उन्होंने समय-समय पर विभिन्न अवसरों पर भटके हुए लोगों को धर्म के मार्ग से जोड़ने का प्रयास किया नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां पद्मावती के प्रति आस्था रखने वाले लोग न केवल उपवास रखते हैं बल्कि तपस्या में लीन रहते हैं। बसंती नवरात्र एवं शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 9 दिनों तक पद्मावती के प्रति लोग आस्था स्वरूप माता का श्रृंगार करते हैं और और मंदिरों में अखंड दीप रखकर अपनी आस्था प्रकट करते हैं दक्षिण क्षेत्र में माता का अभिषेक एवं पूजन का भी प्रचलन देखने को मिलता है उत्तर और दक्षिण की सीमा पर स्थित सिवनी जिले के मुख्यालय में मां पद्मावती का लगभग 70 वर्ष पुराना प्राचीन मंदिर है क्योंकि यह घर में होने के कारण इस चैत्यालय कहा जाता है इस मंदिर की स्थापना पंडित मुन्नालाल न्याय शास्त्री द्वारा की गई थी आज भी वह परंपरा अनवरत चली आ रही है

चोरों ने लाखों के जेवरात एवं नगदी पर किया हाथ साफ

गोकलपुर । अरी थाने के अंतर्गत बीते दिवस की रात्रि में चिरचिरा निवासी किसान राधेश्याम पिता सालिकराम कोसरे के सूने घर में चोरों ने लाखों रुपए के जेवर एवं नगदी लेकर फरार हो गए बताया जाता है कि कोसरे परिवार अपने रिश्तेदार के घर इंदौरी किसी धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे थे जिसका फायदा चोरों को मिला जिन्होंने सुन घर में चोरी किया सुबह पड़ोसी ने देखा कि दरवाजे का ताला टूटा पड़ा है तुरंत सूचना परिवार को दी गई परिवार ने अरी थाने में पहुंचकर अज्ञात चोरों के प्रति रिपोर्ट दर्ज करवाया है अब देखना है कि अरी पुलिस चोरों का पता लगा पाती है या नहीं? या फिर वही पलाश के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ होगी ग्रामीणों का कहना है कि अरीपुलिस की निष्क्रियता के कारण आज तक कई चोरियां हुई किंतु चोरों का पता नहीं लगा पाई!

आर्या का राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन



सिवनी। मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल, सिवनी की मेधावी छात्रा आर्या वैश्य ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल के बल पर आर्या राज्यस्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए संभागीय जबलपुर टीम में जगह बनाकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। हाल ही में कटनी जिले में आयोजित संभागीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में छात्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। अब ये खिलाड़ी शिवपुरी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्कूल के खेल शिक्षक श्री मनीष मोनू मिश्रा ने बताया कि खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय और जिला खेल जगत में उत्साह का माहौल है। छात्राओं की इस सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अविनाश दीक्षित,जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थामस,विद्यालय की प्राचार्य डॉ.श्रीमती वंदना तिवारी, संचालक श्री जनक तिवारी, देवेंद्र ठाकुर,आशीष दीक्षित,अनुराग तिवारी, शैलेन्द्र साहू,संतोष चौबे, संतोष अग्रवाल,मनीष मोनू मिश्रा, समस्त शाला स्टाफ ने आर्या को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सुशोभित होगा सत्यार्थ

सिवनी। जिले से प्रारंभ संघर्षों से सांसद, विधायक, मंत्री और अब उत्तराखंड के महामहिम राज्यपाल तक का गौरवमय सफर तय करने वाले आदरणीय डॉ. ढालसिंह जी बिसेन को विगत दिवस दिगंबर जैन जनरल पंचायत के पूर्व सेक्रेटरी श्री अभय कुमार जैन ने उनके निवास पर पहुँचकर आत्मीय शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस दौरान व्यक्तिगत संबंधों के चलते परस्पर चर्चाओं में पूर्व की अनेक मधुर स्मृतियां जीवंत हुईं। इस आत्मीय भेंट के दौरान परमपूज्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज द्वारा रचित""सत्यार्थ प्रबोध"" ग्रंथ सप्रेम भेंट किया गया। ग्रंथ पुस्तिका को शिरोधार्य कर पूज्य आचार्य भगवन को प्रणाम कर उन्होंने स्वयं के अध्ययन हेतु राजभवन के ग्रंथालय में श्रीमद् भागवत गीता के साथ उक्त धर्म ग्रंथ स्थापित करने की मंशा प्रगट की।

भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा का आधार बनाएं शिक्षक : डॉ. अलकेश चतुर्वेदी

सिवनी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सिवनी में सेवा संकल्प अभियान का भव्य समापन; तकनीक-सक्षम शिक्षण और बेहतर शैक्षिक वातावरण पर दिया जोर भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवन मूल्यों की आधारशिला है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अब आवश्यकता है कि हम अपने सभी विषयों के ज्ञान और चिंतन का आधार भारतीय परंपरा में खोजें तथा इस समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं.

शिक्षकों को तकनीक से सुसज्जित होकर शिक्षण कार्य करना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके. यह विचार उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सिवनी में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

डॉ. चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए अब हमें पश्चिम की ओर देखने के बजाय अपनी समृद्ध विरासत को समझने, संरक्षित करने और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है. शिक्षा का उद्देश्य केवल विषयगत ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में मौलिक चिंतन, नैतिक मूल्यों और भारतीय दृष्टिकोण का विकास करना भी है. उन्होंने शिक्षकों से बेहतर शैक्षिक वातावरण के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ प्रयास करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, जबलपुर कार्यालय के विशेष कार्याधिकारी डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा मनुष्य को केवल ज्ञानवान ही नहीं बनाती, बल्कि उसे संवेदनशील, मानवीय और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देती है. भारतीय संस्कृति में निहित जीवन मूल्य समाज में सद्भाव, सहानुभूति और मानवीय दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने कहा कि सिवनी और महाको शशल क्षेत्र में उच्च शिक्षा को नई पहचान दिलाने के लिए महाविद्यालय निरंतर प्रयासरत है. युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर अवसर और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है.डॉ. नाग ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकार, शैक्षिक जागरूकता, रचनात्मकता, कौशल विकास और मानवीय मूल्यों को प्रोत्साहित करने के प्रयास किए गए. इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामाजिक दायित्वों के प्रति भी जागरूक बनाना है.

मां सरस्वती की वंदना से शुरुआत, राष्ट्रगान के साथ समापन

समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-वंदन एवं सामूहिक वंदे मातरम् गायन के साथ हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता, भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए गए। समारोह में विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश चौरासे, डॉ एसपी सिंह, डॉ सविता मसीह, डॉ. पवन कुमार वासनिक सहित सिवनी जिले के विभिन्न शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों के प्राचार्य, निदेशक, प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सत्येन्द्र कुमार शेन्डे ने किया तथा प्रोफेसर रचना सक्सेना ने आभार व्यक्त किया. राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ सेवा संकल्प अभियान समारोह का विधिवत समापन हुआ।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने किया शहर के दुर्गा पंडालों, मंदिरों व विसर्जन घाटों का सघन निरीक्षण

सिवनी।

आगामी शारदीय नवरात्रि एवं पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा आज सिवनी नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, धार्मिक स्थलों, मंदिरों और विसर्जन घाटों का सुबह से सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ स्वच्छता निरीक्षक, पर्यवेक्षक, स्वच्छतामित्र एवं निकाय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष श्री सनोडिया ने मठ मंदिर तालाब घाट, बस स्टैंड नाव घाट, दलसागर तालाब घाट, शास्त्री वार्ड स्थित सिंहवाहिनी मंदिर, सुभाष वार्ड स्थित दादू धर्मशाला, बेलाराम चौक, मांगलिपेट, छिंदवाड़ा चौक स्थित शनि मंदिर, दुर्गा चौक, भगत सिंह वार्ड, सुनारी मोहल्ला, कस्तूरबा वार्ड, किदवई वार्ड सहित विभिन्न प्रमुख स्थलों और दुर्गा पंडालों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई स्थानों पर स्वयं पानी के पाइप और श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर कराया।

श्री सनोडिया ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। पंडालों के आसपास, मंदिरों और घाटों पर नियमित रूप से साफ-सफाई, एंटी लार्वा स्प्रे, फॉगिंग और पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में नगर पालिका प्रशासन का सहयोग करें और पॉलीथिन या कचरा खुले में न फेंके।

इस दौरान स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर सिवनी का निर्माण हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षदगण, गणमान्य नागरिक एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

अवैध सागौन की चिरान

सोनखार



- (प्रदीप तिवारी) उगली गत 17अक्टूबर को रात्रि गस्त के दौरान वनविकास निगम केवलारी के द्वारा अवैध सागौन की चिरान अवैध तरीके से परिवहन किए जाने वाले स्कार्पियो वाहन को जप्त कर कार्यवाही जारी है ,प्राप्त जानकारी अनुसार वन विकास निगम केवलारी का अमला रात्रि के समय जंगल में गस्त कर रहा था तभी सालीवाड़ा बीट से अवैध सागौन की चिरान 8/10 नग एक स्कार्पियो वाहन क्रमांक mp 20सी डी 4517को जप्त कर राज सात की कार्यवाही जारी है बताया जाता है कि वन विकास निगम के द्वारा लगातार अभियान चला कर जंगल में चलने वाली अवैध गतिविधियों में रोक लगाने प्रयास किये जा रहे है जो आज सालीवाड़ा बीट में स्कार्पियो वाहन जप्त करने में सफलता प्राप्त की है बताया जाता है कि उक्त स्कार्पियो वाहन किसी शिवकुमार तिवारी कोहका केवलारी के नाम रजिस्टर्ड है जो नैनपुर मंडला में वर्तमान में निवास रत है ।अभी कुछ दिनों पर्व भी वन जीवों का शिकार का मामला आया था

आखिरकार शुरू हुआ सुलभ शौचालय स्वच्छता परिसर का निर्माण

चार वर्ष से अटका था मामला, नगर परिषद अध्यक्ष और सीएमओ की पहल लाई रंग

छपारा (आरएनएन)।

नगर के बस स्टैंड परिसर में लंबे समय से प्रतीक्षित सुलभ शौचालय स्वच्छता परिसर के निर्माण का रास्ता आखिरकार साफ हो गया है। करीब चार वर्षों से विभिन्न आपत्तियों के चलते अटके इस कार्य की शुरुआत 16 अक्टूबर को नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गीता वाल्मिक एवं उपयंत्री शिवराम इढ़पाचे की पहल से हो सकी। बस स्टैंड क्षेत्र में शौचालय की सुविधा नहीं होने से महिलाओं सहित यात्रियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर परिषद द्वारा निर्माण के लिए प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन प्रस्तावित स्थल पर स्थानीय लोगों की आपत्तियों के कारण मामला आगे नहीं बढ़ पा रहा था। शुक्रवार को बस स्टैंड के समीप पुलिस थाना परिसर की बाउंड्रीवॉल के पास सड़क किनारे भूमि पर निर्माण कार्य शुरू किया गया। हालांकि, दोपहर में कुछ स्थानीय लोगों की आपत्तियों के बाद कार्य रोकना पड़ा। इसके बाद शाम करीब 5 बजे नगर परिषद अध्यक्ष निशा सुरेश पटेल, सीएमओ गीता वाल्मिक एवं उपयंत्री शिवराम इढ़पाचे दोबारा मौके पर पहुंचे। चर्चा और सहमति के बाद पुलिस थाना छपारा के सामने दाईं ओर स्थित भूमि पर सुलभ शौचालय निर्माण कराने का निर्णय लिया गया।

सेल्फी पॉइंट बनाने पर भी होगी पहल

मौके पर मौजूद छपारा थाना प्रभारी टीआई खैमेंद्र कुमार जैतवार ने निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान करते हुए भरसक सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही, बाईं ओर के हिस्से को सुंदर एवं व्यवस्थित बनाकर सेल्फी पॉइंट विकसित करने का सुझाव दिया। इस पर नगर परिषद अध्यक्ष एवं सीएमओ ने आगामी प्रस्तावित कार्यों में सेल्फी पॉइंट के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने का प्रयास करने की बात कही।

महिलाओं को मिलेगी राहत

बस स्टैंड पर सुलभ शौचालय की सुविधा नहीं होने से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ती थी। यात्रियों, निजी वाहन चालकों, स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए भी यह सुविधा आवश्यक है। निर्माण पूरा होने के बाद लोगों को राहत मिलने के साथ ही नगर में स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। लंबे समय से अटके इस कार्य की शुरुआत को नगर की बुनियादी सुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

गड्ढे छुपाने सड़क पर लगा दिए गट्टू, निर्माण एजेंसी ने सिवनी से छिंदवाड़ा मार्ग की दुर्दशा से परेशान यात्री व राहगीर

सिवनी (आरएनएन)।

जिला मुख्यालय से छिंदवाड़ा मार्ग की सीमा समाजवाड़ा के बीच गुजरने वाले सड़क मार्ग की दुर्दशा को लेकर क्षेत्र के लोग परेशान हैं इस मार्ग में अनेक गांव आते हैं जहां से लोगों का दो पहिया एवं चार पहिया सहित अनेक वाहनों से आना-जाना होता है लेकिन देखा जा रहा है कि इस मार्ग के निर्माण के अभी कुछ बरसे ही बीते हैं और मार की स्थिति अनेक गढ़ों में तब्दील हो गई है जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है सड़क निर्माता द्वारा मार्ग के निर्माण के दौरान इस सड़क के मेंटेनेंस का दायित्व भी लिया गया था लेकिन हालात यह है कि अपनी खामी छुपाने के लिए निर्माण करता एजेंसी द्वारा सड़कों के गडडों को थिगड़े के रूप में गट्टू लगाकर औपचारिकता पूरी की जा रही है क्या ऐसे हालात में संबंधित जन एवं जिला प्रशासन ऐसी कंपनियों पर कार्यवाही करने का प्रयास क्यों नहीं करती यह लोगों की समझ से परे है।

ज्ञातव्य है कि सिवनी कृषि प्रधान जिला है और वर्षभर किस इसी मार्ग से अपनी फसल को लाने ले जाने का कार्य करते हैं नए मार्ग के निर्माण के दौरान लोगों से टैक्स के लिए शिवानी की सीमा पर टोल टैक्स नाका भी बनाया गया जिसके माध्यम से कई वर्षों से इस मार्ग के नाम पर टैक्स भी वसूला जा रहा है और ठेकेदारों को लाभान्वित किया जा रहा है लेकिन आमजन को होने वाली परेशानी से किसी को कोई सरोकार नहीं है जिसको देखते हुए लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है अगर समय रहते इस मार्ग को पूरी तरह से दुरुस्त नहीं किया गया तो हो सकता है क्षेत्र के लोग आगामी दिनों में वृहद आंदोलन के लिए भी बाध्य हो सकते हैं।

उल्लेखनीय होगा कि इसी मार्ग से होकर नगर का के प्रसिद्ध मात्र धाम कातलबोडी जिसे स्वामी स्वरूपानंद जी की माता श्री की जन्मस्थली के रूप में पहचाना जाता है और श्रद्धालु यहां पर तीर्थ के रूप में दर्शन करने के लिए यहां पर आते हैं लेकिन मार्ग की दुर्दशा को देखते हुए दुख व्यक्त करते हैं। इतना ही नहीं सैकड़ो वर्ष पुराने षष्ठी माता कपूरधा धाम के रूप में लोग जानते हैं और यहां पर लोगों की आस्था और श्रद्धा देखने को मिलती है लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है इसलिए लोग दूर-दूर से आते हैं लेकिन इस मार्ग से गुजरने के दौरान लोग यहां से अपनी याद स्वरूप यहां के जर्जर मार के गड्ढे को याद करते हैं। राजनीतिक एवं औद्योगिक दृष्टि से शिवानी और छिंदवाड़ा एक ऐसे केंद्र हैं जहां पर व्यापारी वर्ग का भी आना जाना रहता है और यहां से दिन में एक बार गुजरने के बाद लोग यहां के गधों के कारण दोबारा गुजरा उचित नहीं समझते अगर समय रहते इसका सुधार हो जाता है तो इससे दोनों जिलों के बीच व्यापार एवं राजनीतिक एवं सामाजिक संबंधों में भी प्रकार का आएगी।

अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध कोतवाली पुलिस की प्रभावी कार्रवाई, 60 लीटर हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब जप्त

सिवनी। श्री कृष्ण लालचंदानी द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस को अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

घटना का विवरण :

दिनांक 15/10/2026 की रात्रि को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मरझौर के आगे पुलिया के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से विक्रय करने के उद्देश्य से भारी मात्रा में हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब रखे हुए है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस टीम द्वारा तत्काल मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई एवं एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अंकित जैन पिता अनिल जैन उम्र 23 वर्ष निवासी तिलक वार्ड छिंदवाड़ा चौक सिवनी बताया।

आरोपी के कब्जे में रखी 04 प्लास्टिक की जरीकेन की जांच करने पर उनमें कुल 60 लीटर हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब कीमती 6,000/-पाई गई। पुलिस द्वारा चारों जरीकेन सहित कुल 60 लीटर अवैध कच्ची शराब विधिवत जप्त की गई। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

51 फिट का रावण दहन, कृष्ण लीला का होगा मंथन

दशहरा पर्व पर बनारस की गंगा आरती की तर्ज पर होगी महाआरती

सिवनी

दशहरा मैदान में बनारस की गंगा आरती की तर्ज पर होगी महाआरती, शिवशक्ति आर्ट इंदौर के 20 कलाकारों द्वारा नृत्यनाटिका कृष्णलीला का मंचन और रंगबिरंगी आकाशीय आतिशबाजी के साथ श्री राम के अग्निबाण से बुराई के प्रतीक 51 फिट के रावण के पुतले का दहन होगा ।नगर की सेवाभावी संस्था श्री रामदल समिति द्वारा दशहरा पर्व पर परंपरागत रूप से स्थानीय बड़ा मिशन स्कूल ग्राउंड में मंगलवार 20 अक्टूबर को शाम 06:30 बजे भव्यता के साथ अपने विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया जावेगा।

रावण पहुँचा मैदान

नागपुर के कलाकारों द्वारा बुराई के प्रतीक दशानन रावण का पुतला 51 फिट ऊँचा निर्मित किया गया है, आज श्री रामदल समिति द्वारा रावण के इस पुतले को मैदान में खड़ा कर दिया गया है दशहरा के दिन बुराई के प्रतीक इस रावण को आकर्षक रंगबिरंगी आकाशीय भव्य आतिशबाजी के साथ श्री राम-लक्ष्मण के अग्नि बाणों से रात्रि 09:30 बजे दहन किया जावेगा।

महाआरती से प्रारंभ होगा मुख्य समारोह

श्री रामदल समिति के संरक्षक मंडल के पदेन सदस्य विधायक दिनेश राय , नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक तथा नरेश दिवाकर, राजकुमार खुराना द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत बनारस की गंगा आरती की तर्ज पर ग्वारीघाट में माँ नर्मदा की नित्य महाआरती करने वाले पाँच वैदिक ब्राह्मणों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम प्रभु की पूजा अर्चना की जाकर महाआरती की जावेगी ।

कृष्णलीला का मंचन

रावण दहन के पूर्व इंदौर की प्रसिद्ध शिवशक्ति आर्ट ग्रुप के 20 सदस्यीय दल द्वारा कृष्णलीला का मंचन किया जाएगा जिसमे कंस के कारागार से नंदोत्सव तक... माखन की चोरी से गोवर्धन धारण तक... कालिया मर्दन से महारास तक... और फूलों की होली से गीता के अमर ज्ञान तक...श्रीकृष्ण की सम्पूर्ण लीलाओं का... एक नृत्यमय मंचन होगा।

दर्शको की हुई बैठक व्यवस्था

आयोजन हेतु बड़ा मिशन ग्राउंड में श्रद्धालुओं के बैठने के लिए सुव्यस्थित तरीके से बेरिकेटिंग की जा रही है जिसमे बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों तथा गणमान्य नागरिकों के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है।

कैमरे की निगरानी/प्रसारण

मिशन स्कूल ग्राउंड के प्रवेश द्वार सहित पूरे ग्राउंड में सीसी टीव्ही कैमरे लगाए जा रहे है, साथ ही मैदान में मंच और मैदान के बाहरी हिस्से में बड़ी-बड़ी टीव्ही स्क्रीनों में माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जावेगा साथ ही श्री रामदल समिति के फेसबुक अकाउंट और यूट्यूब में भी रावण दहन आयोजन का लाइव प्रसारण किया जावेगा ।

मैदान में होगी पार्किंग व्यवस्था

रावण दहन आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए यातायात नियमो का पालन करना आवश्यक होगा, शहर के पूर्वी, दक्षिणी एवं पश्चिमी क्षेत्र से आने वालों के लिए वाहनों की पार्किंग जनपद पंचायत में तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था कलेक्ट्रेट परिसर, सर्किट हाउस की बाजू वाली गली में यातायात पुलिस द्वारा की गई है। विजय यात्रा शुक्रवारी से रावण दहन के पश्चात रात्रि 10 बजे श्री राम रथ विजय यात्रा प्रारम्भ होगी जो चल समारोह में शामिल व्यायामशालाओ तथा देवी प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा में शामिल हो नगर भर्मण हेतु प्रस्थान करेगी ।

सेल्फी जोन बना श्री रामद्वार

श्री रामदल समिति द्वारा नेहरू रोड में साजसज्जा की जाकर आकर्षक पैसेज बनाये गए है, यही पर राधा कृष्ण की 360 डिग्री में घूमने वाली मनमोहक झांकी श्री राम द्वार में स्थापित की गई है श्रीरामदल द्वारा बनाई गई नयनाभिराम झांकी तथा आकर्षक पैसेज श्रद्धालुओ और दर्शनार्थियों के लिए सेल्फी ज़ोन बना हुआ है।

खबर संक्षेप

घाव पर कपड़े सीने वाली सुई से लगाए टांके

कटंगी। शासकीय अस्पताल कटंगी अपनी बदहाल व्यवस्थाओं और लापरवाह कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में है। शनिवार शाम करीब 8 बजे अस्पताल में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां सिंगोड़ी में सड़क हादसे में घायल हुए मरीज के घाव पर सर्जिकल स्यूचर नीडल की जगह कपड़े सीने वाली साधारण सुई से टांके लगा दिए गए। विरोध करने पर अस्पताल कर्मियों ने पीड़ित के परिजनों को धमकाते हुए कहा- जहां शिकायत करनी है वहां कर दो। मामले ने तूल पकड़ा तो शाम करीब साढ़े 08 बजे क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी खुद अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले का पर्दाफाश किया। उन्होंने स्टोर कीपर को मौके पर बुलाकर जमकर फटकार लगाई और अपनी जेब से 500 रुपए देकर तत्काल सर्जिकल नीडल मंगवाने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब 8 बजे सिंगोड़ी के पास एक सड़क हादसा हुआ था। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों की पहचान राजू खरे, निवासी उमरी और गुरदयाल पटले, निवासी बोपली के रूप में हुई है। दोनों को हादसे के बाद शासकीय अस्पताल कटंगी लाया गया था। अस्पताल में मौजूद ड्यूटी स्टाफ ने राजू खरे के शरीर पर लगे गहरे घाव को देखा। घाव में लगातार खून बह रहा था और टांके लगाना जरूरी था, लेकिन जब ट्रे खोली गई तो उसमें स्टिचिंग नीडल ही नहीं थी। अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों ने कोई वैकल्पिक व्यवस्था करने या वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने के बजाय कपड़े सीने वाली मोटी सुई से ही राजू खरे के घाव पर टांके लगाने शुरू कर दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कपड़े सीने वाली सुई मोटी और बिना कर्व की थी, जिससे टांका लगाते समय मरीज दर्द से बुरी तरह तड़प रहा था। घाव में सुई बार-बार अटक रही थी और मरीज की चीखें पूरे वार्ड में गूंज रही थीं। वहां मौजूद परिजनों और अन्य लोगों ने जब इसका विरोध किया और पूछा कि कपड़े सीने वाली सुई से टांका क्यों लगा रहे हो, तो ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों ने संवेदनहीनता की हद पार करते हुए कहा कि अस्पताल में यही है, लगवाना है तो लगवाओ, जहां शिकायत करनी है वहां कर दो।

विधायक पहुंचे अस्पताल, स्टोर कीपर की खुली पोल'- इस अमानवीय घटना की सूचना जैसे ही क्षेत्र में फैली, मामला क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी तक पहुंचा। सूचना मिलते ही विधायक अस्पताल पहुंचे। उन्होंने वार्ड में जाकर घायल मरीजों से मुलाकात की और पूरी स्थिति देखी तो उनका भी गुस्सा फूट पड़ा। विधायक ने तत्काल अस्पताल के स्टोर कीपर को फोन कर अस्पताल बुलाया। जब स्टोर कीपर अस्पताल पहुंचा तो विधायक ने उससे पूछा कि अस्पताल में स्टिचिंग नीडल क्यों नहीं है। इस पर स्टोर कीपर ने सफाई देते हुए कहा कि उसके द्वारा एक महीने पहले ही जिला अस्पताल बालाघाट में सर्जिकल नीडल और अन्य स्यूचर सामग्री के लिए डिमांड भेजी गई थी, लेकिन अब तक वहां से सप्लाई नहीं आई। इस पर विधायक ने सख्त लहजे में पूछा कि जब एक महीने से डिमांड के बाद भी सामान नहीं आया तो क्या आपने इस गंभीर कमी की जानकारी बीएमओ को दी? क्या आपने इसकी लिखित सूचना दी? इस सवाल पर स्टोर कीपर निरुत्तर हो गया और कोई जवाब नहीं दे पाया। इससे स्पष्ट हो गया कि स्टोर कीपर केवल खानापूर्ति के लिए डिमांड भेजकर चैन की नींद सो रहा था और मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा था।

जेब से 500 रुपए देकर मंगवाई नीडल- मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता उनकी जिम्मेदारी है इसलिए उन्होंने अपनी जेब से 500 रुपए का नोट निकालकर स्टोर कीपर को दिया और कहा कि अभी इसी वक्त बाजार से या कहीं से भी सर्जिकल स्टिचिंग नीडल की व्यवस्था करो। घायल मरीज दर्द में है और आप लोग सिस्टम का रोना रो रहे हो। विधायक ने कहा कि यह लापरवाही बर्दाश्त के बाहर है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर सीएमएचओ और बीएमओ से चर्चा करेंगे और दोषी स्टोर कीपर और उस समय ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ को नोटिस जारी करवाएंगे। बता दें कि शासकीय अस्पताल कटंगी अपनी खामियों को लेकर लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। कभी डॉक्टर नदारद मिलते हैं, कभी दवाइयां नहीं मिलतीं, कभी एक्स-रे मशीन खराब रहती है तो कभी डिलीवरी के लिए महिलाओं को रेफर कर दिया जाता है। स्टिचिंग नीडल जैसी बुनियादी चीज का न होना यह दर्शाता है कि अस्पताल प्रबंधन कितना लापरवाह है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब स्टोर में एक महीने से नीडल नहीं है तो पिछले एक महीने में कितने मरीजों के साथ इसी तरह का खिलवाड़ किया गया होगा।

मोहगांव परियोजना क्षेत्र से किया गया था रेस्क्यू

एनटीसीए की एसओपी के तहत पोस्टमार्टम के बाद शवदाह

उपचार के दौरान मादा बाघ शावक की मौत

बालाघाट,

18 अक्टूबर 2026। कान्हा टाइगर रिजर्व के मुक्की परिक्षेत्र स्थित वन्यजीव उपचार केंद्र में उपचाराधीन एक मादा बाघ शावक की 18 अक्टूबर को मृत्यु हो गई। इस शावक को 8 अक्टूबर को वन विकास निगम के मोहगांव परियोजना क्षेत्र के ग्राम अरौली से रेस्क्यू किया गया था। आबादी के बीच पहुंचने के दौरान शावक से जुड़ी एक घटना में महिला घायल हो गई थी। इसके बाद वन विभाग की टीम ने शावक को रेस्क्यू कर उपचार के लिए वन्यजीव उपचार केंद्र में भर्ती कराया था।

कान्हा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों के अनुसार मादा बाघ शावक अकेली और कमजोर शारीरिक अवस्था में मिली थी। उसकी जान बचाने तथा स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से वन्यजीव चिकित्सा विशेषज्ञों की निगरानी में उपचार शुरू किया गया था। उपचार के दौरान उसे लगातार चिकित्सकीय देखरेख में रखा गया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद 18 अक्टूबर को उसकी मृत्यु हो गई।

एनटीसीए की एसओपी के तहत पोस्टमार्टम

मादा बाघ शावक की मृत्यु के बाद राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। 18 अक्टूबर को कान्हा टाइगर रिजर्व के वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी, उप संचालक पशुपालन मंडला तथा पशु चिकित्सक बैहर की संयुक्त टीम ने शव परीक्षण किया। पोस्टमार्टम के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शवदाह किया गया।



जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे नमूने

वन विभाग ने बताया कि शव परीक्षण के दौरान आवश्यक शारीरिक अंगों एवं जैविक नमूनों को फोरेंसिक और पैथोलॉजिकल जांच के लिए जबलपुर स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही मादा बाघ शावक की मृत्यु के कारणों के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।



अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी हुई कार्रवाई

शव परीक्षण एवं शवदाह की कार्रवाई के दौरान कान्हा टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक श्री रवीन्द्र मणि त्रिपाठी, हालोन के सहायक संचालक, मुक्की परिक्षेत्र अधिकारी, एनटीसीए प्रतिनिधि श्री रंजीत सत्रुसल्य, तहसीलदार, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। मादा बाघ शावक के शव परीक्षण से लेकर शवदाह तक की संपूर्ण कार्रवाई निर्धारित प्रोटोकॉल एवं प्रचलित प्रक्रिया के अनुरूप संपन्न की गई। नमूनों की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद मृत्यु के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।



खजरी-खमरिया बायपास पर मूक मवेशियों से भरा पिकअप पलटा, 1 की मौत, तस्कर फरार

कटंगी। बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के खजरी-खमरिया बायपास पर शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि करीब ढाई बजे बजरंग दल के पदाधिकारियों ने गो-तस्करी की बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए मूक मवेशियों से भरे एक पिकअप वाहन को पकड़ा है। बजरंग दल के पदाधिकारी ने दावा किया है कि तस्कर महाराष्ट्र के कामठी स्थित कत्लखाने में मवेशियों को ले जाने की फिराक में थे। इस दौरान एक पिकअप पलट गया, जिसमें 10 मवेशी क्रूरतापूर्वक ठूंस कर भरे हुए थे, एक मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 को सुरक्षित बचा लिया गया। सुरक्षित बचाए गए मवेशियों को कटेधरा स्थित कामधेनु गौशाला भेजा गया है। बजरंग दल को गुप्त सूचना मिली थी कि शनिवार देर रात सिवनी की तरफ से दो पिकअप वाहनों में अवैध रूप से मूक मवेशियों को भरकर महाराष्ट्र के कामठी कत्लखाने ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही बजरंग दल के प्रखंड संयोजक निक्की ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खजरी-खमरिया बाईपास पर घेराबंदी की। रात्रि करीब ढाई बजे जैसे ही दोनों संदिग्ध पिकअप वाहन बाईपास पर पहुंचे, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान एक पिकअप वाहन तेज रफ्तार से फरार होने में कामयाब रहा, जबकि दूसरा पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 49 बीजेड 4441 अधिक रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित होकर फिल्मी स्टाइल में उड़ते हुए सड़क किनारे नीचे उतर कर खेतों के पास जाकर पलट गया। पिकअप पलटते ही उसमें भरे हुए मवेशी बुरी तरह फंस गए।

समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं करने वाले करदाताओं को विभाग की चेतावनी

रिटर्न में देरी पर लगेगा विलंब शुल्क और ब्याज, लगातार लापरवाही पर पंजीयन निरस्त करने की भी कार्रवाई

बालाघाट। वाणिज्यिक कर विभाग ने निर्धारित समय-सीमा में जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं करने वाले पंजीकृत करदाताओं को चेतावनी जारी की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि समय पर जीएसटी रिटर्न प्रस्तुत करना प्रत्येक पंजीकृत करदाता का वैधानिक दायित्व है।

इसके बावजूद कुछ व्यवसायियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा का पालन नहीं किया जा रहा है। विभाग द्वारा पूर्व में भी कई बार चेतावनी जारी किए जाने के बाद अब करदाताओं से लंबित रिटर्न तत्काल दाखिल करने की अपील की गई है। राज्य कर सहायक आयुक्त सुश्री सरिता सिरसाम ने बताया कि जीएसटी नियमों के तहत निर्धारित समय पर रिटर्न दाखिल करना आवश्यक है। इसमें लापरवाही बरतने वाले करदाताओं के विरुद्ध नियमानुसार विलंब शुल्क, ब्याज एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। लगातार रिटर्न दाखिल नहीं करने की स्थिति में जीएसटी पंजीयन निरस्त करने सहित कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की निर्धारित समय-सीमा

विभाग द्वारा नियमित करदाताओं के लिए जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसके अनुसार—

5 करोड़ रुपये से अधिक वार्षिक टर्नओवर वाले मासिक करदाताः GSTR-1 प्रत्येक माह की 11 तारीख तक तथा GSTR-3B प्रत्येक माह की 20 तारीख तक दाखिल करना होता है।5 करोड़ रुपये तक वार्षिक टर्नओवर वाले त्रैमासिक करदाताः GSTR-1 संबंधित तिमाही के बाद आने वाली 13 तारीख तक तथा GSTR-3B 22 तारीख तक दाखिल करना होता है। विभाग ने करदाताओं से निर्धारित तिथियों का ध्यान रखते हुए समय पर रिटर्न प्रस्तुत करने का आग्रह किया है, ताकि अनावश्यक विलंब शुल्क, ब्याज एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई से बचा जा सके।

लंबित रिटर्न तत्काल दाखिल करने की अपील

वाणिज्यिक कर विभाग ने सभी ऐसे करदाताओं, जिनके जीएसटी रिटर्न लंबित हैं, से उन्हें तत्काल दाखिल करने तथा भविष्य में समय-सीमा का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की है। विभाग के अनुसार, समय पर रिटर्न दाखिल करने से कर प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ती है और कर अनुपालन सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। करदाताओं को जीएसटी रिटर्न दाखिल करने में किसी प्रकार की तकनीकी अथवा प्रक्रियागत कठिनाई होने पर राज्य कर सहायक आयुक्त कार्यालय, बालाघाट वृत्त या जीएसटी सहायता केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी गई है। विभाग ने सभी पंजीकृत करदाताओं से नियमों का पालन करते हुए समयबद्ध कर अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

प्रथम दृष्टया नहर में डूबने से मौत की आशंका पोस्टमार्टम के बाद अवशेषों का नियमानुसार भस्मीकरण







वारासिवनी में नहर से मिले दो नर गौर के शव

बालाघाट। जिले में वन्यप्राणियों की सुरक्षा से जुड़ा मामला सामने आया है। लालबर्रा तहसील के ग्राम सेलवा से बहने वाली बड़ी नहर में वन्यप्राणी इंडियन गौर (भारतीय बाइसन) के बहने की सूचना मिलने के बाद वन विभाग ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान 17 अक्टूबर की शाम वारासिवनी शहर में रेलवे लाइन के किनारे से गुजरने वाली नहर से दो नर गौर को रेस्क्यू किया गया, लेकिन तब तक दोनों की मृत्यु हो चुकी थी। पशु चिकित्सकों ने प्रथम दृष्टया दोनों गौर की मौत नहर में डूबने से होने की आशंका जताई है।

सूचना मिलते ही वन विभाग ने चलाया सर्च ऑपरेशन

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17 अक्टूबर की सुबह लगभग 9 बजे ग्राम सेलवा, तहसील लालबर्रा के एक स्थानीय निवासी ने मुख्य वनसंरक्षक, वनवृत्त बालाघाट को दूरभाष पर सूचना दी कि पिछली रात ग्राम सेलवा से बहने वाली बड़ी नहर में दो वन्यप्राणी इंडियन गौर जीवित अवस्था में बहते हुए दिखाई दिए थे। सूचना मिलते ही मुख्य वनसंरक्षक ने वन्यप्राणियों की पतासाजी एवं रेस्क्यू के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी वारासिवनी और लालबर्रा को निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में दोनों वन परिक्षेत्रों के कर्मचारियों ने अधिकारियों के मार्गदर्शन में सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

नहर से निकाले गए दोनों मृत गौर

सर्च ऑपरेशन के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी वारासिवनी की टीम ने 17 अक्टूबर की शाम लगभग 5 से 6 बजे के बीच वारासिवनी शहर में रेलवे लाइन के किनारे से गुजरने वाली नहर से दो नर गौर को बाहर निकाला। दोनों की मृत्यु हो चुकी थी। वन विभाग के कर्मचारियों ने स्थानीय नागरिकों की सहायता और उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से दोनों वन्यप्राणियों के शव नहर से बाहर निकाले। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार घटनास्थल को सुरक्षित किया गया।सूर्यास्त हो जाने के कारण 17 अक्टूबर को दोनों गौर का पोस्टमार्टम नहीं किया जा सका।

पोस्टमार्टम में डूबने से मौत की आशंका

वन विभाग के अनुसार, 18 अक्टूबर को सुबह 8:07 बजे से 10:06 बजे तक पशु चिकित्सा अधिकारी वारासिवनी के दल ने दोनों नर गौर के शवों का पोस्टमार्टम किया। पशु चिकित्सकों ने प्रथम दृष्टया संभावना जताई कि दोनों की मृत्यु नहर में डूबने के कारण हुई होगी। शव परीक्षण के दौरान दोनों वन्यप्राणियों का बिसरा एकत्रित कर सुरक्षित रखा गया है, ताकि आवश्यकता के अनुसार आगे की जांच की जा सके।

वन अपराध प्रकरण दर्ज, जांच जारी

पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद दोनों मृत गौर के संपूर्ण शारीरिक अवशेषों को एकत्रित कर निर्धारित विभागीय प्रक्रिया एवं नियमानुसार भस्मीकरण किया गया। वन विभाग द्वारा पूरी कार्रवाई की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी कराई गई है। इस मामले में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। वन विभाग द्वारा घटना से संबंधित परिस्थितियों की जांच के साथ नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।